## एक नजर में

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 118वां स्थापना दिवस



**देवास।** बैंक ऑफ बड़ौदा की एमएसएमई शाखा द्वारा मंगलवार को बैंक का 118वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाखा परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद शाखा प्रबंधक दीपक पोरवाल एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस विशेष मौके पर शाखा प्रबंधक श्री पोरवाल ने बैंक के गौरवशाली इतिहास और उसकी सतत प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा हमेशा से ही अपने ग्राहकों की सेवा में अग्रणी रहा है। हम नवाचार और तकनीकी उन्नयन के माध्यम से ग्राहकों को आधुनिक व सहज बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा का उद्देश्य न केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है, बल्कि ग्राहकों के साथ विश्वास का रिश्ता भी बनाए रखना है। इस स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा द्वारा ग्राहकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी बैंकिंग से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। कार्यक्रम में शाखा के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, खाताधारकगण एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने बैंक की सेवाओं की सराहना करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर क्रेडिट मैनेजर शुभांशु कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया और बताया कि बैंक भविष्य में भी अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

### हरिओम पवार जिला महामंत्री नियुक्त



**देवास।** खातेगांव विकासखंड के ग्राम मौला निवासी हरिओम पवार जो सोशल वर्कर होकर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़े हुए हैं को मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन जिला इकाई देवास का पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू के द्वारा की गई है नियुक्ति पर विधायक आशीष शर्मा रेवाराम सारण घनश्याम पटेल रघुनाथ नायक लखन लाल उईकै लोकेश पवार कन्हैया मीणा रमेश बारवाल मनसुख मरमट आनंद जोनवाल जगदीश यादव गोपाल भलावी दिलीप सोनी नाना गुर्जर गजानन बैरागी मंगलेश बैरागी के के कुंडल शोभा जोशी दीपक सोनेर हीरालाल गहलोत अशोक यादव रवि शर्मा सोहन पटेल सुनील पटेल रामकिशोर यादव सुधिर सोमानी शैलेंद्र पाटीदार धर्मेंद्र जायसवाल लोकेंद्र राठौड अरुण बडोनिया सत्यनारायण जोशी राजेश जोशी अनोखी लाल चौहान शिवनारायण चौहान सुरेश वर्मा चिंटू जोशी गोविंद जोशी आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

### गुरु मीणा का निधन, दी श्रद्धांजलि



**देवास।** मीणा समाज के समाजसेवी सुन्देल निवासी जो इंदौर में निवास करते थे गुरु मीणा का दुखद निधन विगत दिनों हो गया वे मीणा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल धनवान बड़ा के छोटे भाई थे। उनके निधन पर पंडित राजेंद्र पंचोली, प्रहलाद मुकाती, कैलाश पुरोहित, रामेश्वर गवली, मनोहर लोदवाल, दीपचंद गवली, मनोज गवाली, कमल धनावत, दुर्गेश राठौर, संतोष मामा, दिलीप छानवाल, छोटेलाल धनावत, गुड्डू योगेंद्र वर्मा ,बिट्टू निगम बारवाल, संतोष फरद, टिंकू पटेल, मनीष पंचोली, दीपक शर्मा, आनंद जोशी, बंटी पंचोली, दीपक पंचोली, पटेल हरिप्रसाद राठौर, केदार धनावत, शिव प्रसाद राठौर, गजानन गवली, सचिन शर्मा, मुकेश जोशी, सुनील जाधव, नमदा जोनवाल, भवानी मीणा इकलेरा, राजाराम जोनवाल, संदीप मुकाती, रामेश जोनवाल, पवन हिंदू आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



**कन्नौद।** दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु विकासखंड कन्नौद के अंतर्गत सिविल अस्पताल कन्नौद के सभा कक्ष में बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा व बीईई दिनेश साहू तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटाफोड़ में बीपीएम प्रदीप पवार, बीसीएम विनोद भंवर के द्वारा क्षेत्र की आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दस्तक के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश मीणा ने बताया कि दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितंबर तक चलेगा जो स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से संचालित होगा। अभियान का उद्देश्य बाल्यकालीन दस्त रोग में जिंक गोली एवं ओआरएस के उपयोग को बढ़ावा देना एवं उच्च कवरेज सुनिश्चित करना है। स्टॉप डायरिया कैंपेन सह दस्तक अभियान में सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा कार्यकर्ता,की मुख्य भूमिका रहेगी। इस अभियान में 0 से 5 साल तक के प्रत्येक बच्चों को निमोनिया व डायरिया की रोकथाम व प्रबंधन, जिंक ओ आर एस का वितरण, गंभीर कुपोषण की पहचान, एनीमिया स्क्रीनिंग और उपचार, विटामिन ए अनुपुरण, समुचित पूरक आहार एवं स्तनपान पर परामर्श आदि रेफरल एवं स्वास्थ्य सेवाएं दस्तक दल द्वारा अभियान अंतर्गत आयोजित टीकाकरण सत्रों पर दी जावेगी,शेष छूटे हुए बच्चों एवं नवजात शिशुओं हेतु माप अप दिवस के दौरान दस्तक दल एएनएम,आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा छूट गए बच्चों के घर-घर दस्तक देकर सेवा दी जाएगी दस्तक दल का नेतृत्व एएनएम द्वारा किया जाएगा ।

### समाज सेवी उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

**देवास।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के स्व लक्ष्मीनारायण उपाध्याय के पुत्र प्रवेश उपाध्याय के पिताजी मुखर्जी नगर निवासी भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता समाजसेवी सत्यनारायण उपाध्याय का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। शनिवार को शाम 4 बजे बीमा रोड स्थित गौतम आश्रम में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा में समाज बंधुओं, भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा परिवार के रमेश व्यास, आनंद चौहान, संतोष दुबे, अनुराग श्रीवास्तव, शोभराज पंवार, विकास डोंगरे, अनिल वर्मा, राजेश शर्मा, अजय वर्मा, जितेन्द्रसिंह तोमर, श्रीनिवास बडवे ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में नीमच विजयी

**सुशील गवला रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**


**देवास।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं देवास जिला फुटबॉल एसोसिएशन देवास के तत्वावधान में सब जूनियर बॉयज अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन महाराज तुकोजीराव पवार स्टेडियम ( ओलम्पिक ग्राउंड) देवास पर किया गया। आज फाइनल मैच खेले गए। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि श्रीमंत विक्रमसिंह पंवार थे। अतिथियों का स्वागत सुभाष शर्मा, विद्युत मालाकर, मदन सिंह धाकड़, अजय अग्रवाल, नीतिन आहूजा, विजेंद्र राणा, संतोष




पंचोली , अच्युतानंद मालाकर आदि ने किया। फाईनल मैच नीमच और रायसेन के मध्य हुआ। दोनों ही टीमें शुरूआत से एक दूसरे पर आक्रमण कर गोल करने की कोशिश करने लगे। मैच के 25वें मिनिट में नीमच की ओर से पवन ग्वाला ने दूर से शॉट लगाया और गोलकीपर गोल बचा नहीं सका। नीमच ने 01 गोल से बढ़त बना ली ।इसके बाद 27 मिनिट में अथर्व शर्मा ने गोल कर दिया। 29 वें मिनिट में ही नीमच की ओर से सैफान नागौरी ने भी गोल कर टीम को 03 गोल से बढ़त बना दी। इस प्रकार 05 मिनिट के अंदर ही तीन गोल नीमच ने रायसेन पर कर दिए। मैच के 40 वें और 43 वें मिनिट में सुशील ग्वाला ने दो गोल कर टीम को 05 गोल की बढ़त बना दी। हाफ टाईम तक समय 05-00 था। अगले हाफ में भी दोनों टीमों ने गोल करने की बहुत कोशिश की लेकिन कोई भी सफल नहीं हुआ ।मैच समाप्ति पर भी स्कोर 05-00 रहा और नीमच ने प्रतियोगिता जीत ली। विजेता और उपविजेता टीमों के सभी खिलाड़ियों को मैडल प्रदान किए गए और विजेता तथा उपविजेता टीमों को ट्राफी भी प्रदान की गई। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नीमच के सुशील गवला रहे । बेस्ट गोलकीपर नीमच के कप्तान और गोलकीपर योगेश रहे। आभार एवं संचालन सुनील बाजपेयी ने किया।

## कुएं में मिला युवक का शव

**मोबाइल की लाइट से हुआ खुलासा**



**देवास।** नागदा निवासी 20 वर्षीय युवक साहिल पिता युनुस शेख का शव नागदा और रसलपुर के बीच एक कुएं में मिला। साहिल शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे रसलपुर स्थित मामा के घर जाने के लिए बाइक से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने औद्योगिक थाने में सूचना दी और तलाश शुरू की। परिजनों ने साहिल के मोबाइल पर कॉल किया, कॉलिंग रिंग तो जा रही थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। रात को मोबाइल की लाइट कुएं के पास चमकती दिखी, जिससे आशंका हुई। जब ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो साहिल का शव कुएं में पड़ा मिला। करीब दो घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक का शव बाहर निकाला गया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मृतक साहिल मजदूरी करता था। उसके परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है।

## लाइवलीहुड का हुआ प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर

**देवास।** वेलस्पन फाउंडेशन हेल्थ एंड नॉलेज और आस संस्था के द्वारा 19 जुलाई को ग्राम आनंदपुरा डुंगरिया देवास में लाइवलीहुड एक्सपोजर विजिट किया गया। जिसमें सिलाई प्रशिक्षण, पशुपालन शेड विजिट, कॉस्मेटिक स्टोर विजिट, किराना विजिट, सब्जी उत्पादन हेतु खेत का विजिट कराया गया। जिसमें रुबीना दीदी संकुल उपाध्यक्ष, सीमा नायक संकुल कोषाध्यक्ष , कुंता दीदी समूह अध्यक्ष, अन्नपूर्णा लोक अधिकारी केंद्र समता समन्वयक सपना जाटवा, पूजा दीदी समूह सदस्य ने सभी महिलाओं को सिलाई के बारे में बताया और अपने अनुभव साझा किये ।इसके साथ ही ब्लाउज, सलवार कुर्ता की कटिंग बताई गई एवं सिलाई मशीनो की विजिट कराई गई एवं संतोष नायक ने पशुपालन शेड की विजिट कराई ओर पशुपालन के बारे में जानकारी दी। दिनेश गौड ने सब्जी उत्पादन हेतु गिलकी के खेत का भ्रमण कराया और उसके लागत के बारे में बताया। विजिट में वेलस्पन फाउंडेशन से लोकेशन लीड राहुल यादव एवं संस्था आस से प्रोजेक्ट मैनेजर जागेंद्र यादव, (उपे) श्वेता गौतम और टीम सदस्य भावना परमार, सोनिका राजपूत, निकिता राठौर, लाड़कुंवर आशा राजपूत उपस्थिति रही।

## बालिकाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**देवास।** हरदा स्थित राजपूत समाज धर्मशाला में निर्दोष बालिकाओं पर किए गए बलपूर्वक लाठीचार्ज की घटना के विरोध में शनिवार को राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह के निर्देशन में तथा देवास जिला अध्यक्ष ठा. विशाल सिंह रघुवंशी चिंटू बना के नेतृत्व में एक विशाल रैली निकाली गई। इस विरोध रैली में राजपूत समाज के साथ-साथ सर्व समाज के युवाओं ने भारी संख्या में भाग लिया। रैली देवास जिला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची, जहां प्रतिनिधिमंडल ने



कलेक्टर को घटना की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की माँग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर रघुवीर सिंह बघेल, धर्मेंद्र सिंह बेस, भगवान सिंह चावड़ा, ईश्वर सिंह, गणेश पटेल, नवीन सोलंकी, दिलीप सिंह झाला, सुरेंद्र सिंह गौड़, तूफान सिंह सोलंकी, देवेंद्र सिंह खट्टंबा, चेतन दरबार (अमोना), युवराज सिंह बीसाखेड़ी, भगत सिंह सिसोदिया, सवाई सिंह (सोनकच्छ), अमित दरबार (सोनकच्छ), कुंवर बना (हॉट पिपलिया), पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया, यश ठाकुर, युवराज सिंह जादौन, कल्याण सिंह बावड़िया, सौदान सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। राजपूत करणी सेना ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## रोटरी क्लब सोनकच्छ के 50 वें स्वर्णिम वर्ष का पद ग्रहण समारोह

**सोनकच्छ।** रोटरी क्लब का पद ग्रहण समारोह शनि मंदिर सरहदी धाम पर आयोजित किया गया। जिसमें रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष रोटे सुशील मल्होत्रा मंडल की प्रथम महिला रोटे रूबी मल्होत्रा के मुख्य आतिथ्य , डी जी ई रोटे संस्कार कोठारी, धीरन दत्ता,शपथ अधिकारी सत्यनारायण लाठी, विशेष अतिथि तरुण मिश्र, शालिनी रातोरिया डॉ. जामीन हुसैन, अनीश मलिक, जिनेन्द्र जैन, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व रोटरी के जनक पाल पी हेरिस के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। चतुर्विद मंत्र का वाचन पूर्व




अध्यक्ष मोहन सिंह बघेल ने किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत व सम्मान अध्यक्ष व सचिव द्वारा दुपट्टे व अभिनंदन पत्र भेंट कर किया गया। शब्दों से स्वागत पूर्व अध्यक्ष अमरसिंह मालवीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश राठौर, सचिव महेश चन्द्र राठौर को कालर पहनाकर दायित्व प्रदान किया। पदाधिकारियों को शपथ अधिकारी व पूर्व मंडलाध्यक्ष लाठी द्वारा मानव सेवा करने के लिए संकल्प दिलाया गया। अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन के दौरान क्लब के सदस्यों द्वारा सदन में उपस्थित इन्दौर, भोपाल, रतलाम , धार ,खरगोन, मेघनगर, नागदा, देवास, हाटपीपल्या, भोरासा से पधारे रोटेरियंस, सोनकच्छ नगर व ग्रामीण क्षेत्र से पधारे गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण सभी आरसीसी के सदस्य ,इनरव्हील की सदस्य का रोटरी सदस्यों द्वारा दुपट्टे पहनाकर स्वागत किया गया व वर्ष भर के सेवा कार्य की जानकारी दी। साथ ही सभी रोटरी सदस्यों का मंच पर मंडलाध्यक्ष द्वारा रोटरी पिन लगाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गजेश्वर, डॉ. बुरहानुद्दीन, सौभागसिंह ठाकुर, सुरेशचन्द्र यादव,सुभाषचंद्र गुप्ता, शंकरलाल शर्मा, असलम खान, लाखनसिंह सेंधव, मनोज परमार, डॉ अरविंद धाकड़, अरुण शर्मा, जीवन सिंह गुर्जर, मनीष सोनी, पुष्पेंद्र सिंह तोमर, धीरज सिंह राजपुत, विनोद राठौर, कैलाश परमार, उपस्थित रहे। संचालन आशीष अकोतीया ने किया।

## लोहारदा में जैन मंदिर बना चोरों का निशाना




**लोहारदा।** नगर में चोर के हौसले इतने बुलंद है या फिर वो इतने बे खोफ है की अब चोरों के निशाने पर धार्मिक स्थल भी आ चुके हैं। शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात नगर के हृदयस्थल कहे जाने वाले छोटी बाजार क्षेत्र में स्थित जैन मंदिर को चोरों ने अपना निशाना बनाया। रात के अंधेरे में मंदिर का ताला तोड़कर चोर भीतर घुसे और वहां रखा दानपात्र चुराकर मौके से फरार हो गए। समाजजनों के अनुसार, यह दानपात्र बीते तीन वर्षों से नहीं खोला गया था, और इसमें भक्तों द्वारा जमा की गई नकद राशि थी। घटना की जानकारी सामने आने के बाद तत्काल समाज के लोगो ने पुलिस को सूचना दी। कुछ घंटों बाद, चुराया गया दानपात्र रेहमानपुरा क्षेत्र में खाली अवस्था में पड़ा मिला, जिसे चोर वहां फेंककर भाग निकले थे। मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर साफ देखा गया कि चोर फोरव्हीलर गाड़ी से आए थे। लोगो का कहना है की धार्मिक स्थलों पर चोरी केवल अपराध नहीं, आस्था पर सीधा प्रहार है। ऐसे मामलों में सख्त और त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

## वार्डवासियों ने की जर्जर मकान को तोड़ने शिकायत

**कार्रवाई नही होने से वार्डवासी भयभीत**

**सोनकच्छ।** नगर के गढ़ी क्षेत्र में एक तीन मंजिला मकान की हालत जर्जर होकर गिरने की स्थिति मे होने तथा गिरने से किसी बड़ी घटना घटने की संभावना को लेकर पड़ोड़ियों द्वारा स्थानीय अधिकारीयों को लिखित में शिकायत की गई। मिली जानकारी अनुसार शिकायत कर्ता मुलचंद बिंजवा, अंकित चौधरी अनिल चौधरी आदि ने अनुविभागीय अधिकारी को लिखित में शिकायत करते बताया कि, उनके पड़ोस में एमजी रोड़ सोनकच्छ निवासी कैलाश खत्री का वर्षों पुराना तीन मंजीला मकान जो लगभग 525 स्क्वेयर फिट में बना है, जर्जर होकर कभी भी गिर सकता है। इसमे वर्षों से कोई नही रह रहा। मकान के आसपास मोहल्ले के अन्य लोगो के मकान बने है। इसके समीप से प्रतिदिन अनेक लोगों का आना जाना होता है। बारिश का मौसम होने से मकान किसी भी दिन गिर सकता है। जिससे आसपास के छोटे मकानो में रहने वाले लोगो की जान को भी खतरा है। समय रहते मकान को ध्वस्त नही किया तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। जनहित में मकान को गिराया जाना जरुरी है। देवास कलेक्टर ने भी ऐसे मकानों को गिराने के निर्देश दिए उसके बावजूद कोई सुनवाई नही हो रही है। बता दें कि सन 2021 से इस मकान को लेकर नप को रहवासी शिकायत कर रहे है।

## संगीतमय शिव महापुराण कथा में हो रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**22 को महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ होगा समापन**

**भौरासा।** बाबा महाकाल की उज्जैन नगरी में विगत दिनांक 16 से प्रारंभ हो चुकी है 22 जुलाई को महाआरती व प्रासाद वितरण साथ समापन होगा मां नर्मदा की कृपा से विश्व के मध्य स्थल बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन शिप्रा तट पर श्री ओम ज्योतिषालय के तत्वाधान में शिव महापुराण रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन सतत चल रहा है यज्ञ आचार्य कथावाचक पंडित कमलेश नागर नानपुर के मुखारविंद से संगीतमय शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन का



कार्यक्रम सतत चल रहा है कथा के मुख्य यजमान कृष्णकांत बाबूलाल शर्मा देवास, आचार्य पंडित भरत शर्मा रजला माता ,व्यवस्थापक घनश्याम माली स्थान नागर ब्राह्मण हाटकेश्वर मंदिर न्यास रामघाट मार्ग हरसिद्धि पाल उज्जैन पर चल रही है जहां प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का भी निर्माण किया जा रहा है अत: सभी धर्म प्रेमी जनता से निवेदन है के इस महा शिवपुराण कथा का सावन मास के महीने में श्रवण करें एवं अपना जीवन धन्य करें समापन होगा मां नर्मदा की कृपा से विश्व के मध्य स्थल बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन शिप्रा तट पर श्री ओम ज्योतिषालय के तत्वाधान में शिव महापुराण रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन सतत चल रहा है कथावाचक पंडित कमलेश नागर नानपुर के मुखारविंद से संगीतमय शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है कथा के मुख्य अजमान कृष्णकांत बाबूलाल शर्मा देवास आचार्य पंडित भरत शर्मा राजल माता व्यवस्थापक घनश्याम माली स्थान नागर ब्राह्मण हाटकेश्वर मंदिर न्यास रामघाट मार्ग हरसिद्धि पाल उज्जैन पर चल रही है जहां प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का भी निर्माण किया जा रहा है अत: सभी धर्म प्रेमी जनता समाज बंधुओ से निवेदन है कि अधिक संख्या मे अपने परिवार सहित इस महा शिव पुराण कथा का सावन मास के महीने में श्रवण करें एवं अपना जीवन धन्य करें।

**एक नजर** बरझाई घाट का पर्यावरण इस क्षेत्र के जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण

## ग्रामीणों की प्रकृति से पुन : जुड़ाव की प्रेरक पहल







**बागली।** बरझाई घाट में सोबल्यापूरा ग्राम पंचायत और पुंजापुरा प्रगति समिति व समाज प्रगति सहयोग संस्था ग्रामीणों की मदद से हरियाली और पर्यवारण सरंक्षण की एक नई कहानी लिख रहे है। बरझाई घाट का पर्यावरण इस क्षेत्र के जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है ।

यह बरझाई घाट, नीचे बसे गांवों के तालाब, कुएं और बोरवेल के भूजल रिचार्ज के भी योगदान देता है। हमेशा ही पर्यटकों का प्रिय स्थान भी रहता है । लेकिन इस घाट में प्राचीन भेरू बाबा का मंदिर है जहां इंसानों द्वारा बन्दरों को खाना खिलाने का रिवाज बढ़ता जा रहा है । जिससे वे अब मानव पर निर्भर हो रहे है, खाना न मिलने पर वे आक्रमक होकर हमले भी करने लगे हैं। इसलिए ग्रामीण लोगों ने वन्य प्राणी की जंगल में खाने तलाशने की आदत बनाएं रखने के लिए विगत दो वर्षों से जंगल में फलदार पौधे और बीज रोपण का उत्सव कर रहे हैं। यह इस उत्सव का तीसरा वर्ष था जिसमें सोबल्यापूरा और पांजरिया के लगभग 130 लोग जिसमें बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।

उन्होंने भेरू बाबा मंदिर के ऊपर पहाड़ी में 101 फलदार पौधे और करीब 70 हजार अलग-अलग प्रकार के स्थानीय फलदार पौधे के बीज भी डालें है। लोगों ने ढोलक की थाप और बांसुरी की धुन में मस्त मगन होकर यह कार्य एक उत्सव की तरह किया । जंगल बचाना, पौधे बचाना और दूसरे लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना उसका संकल्प भी लिया। इस सम्पूर्ण बीज उत्सव कार्य्रकम की रूप रेखा समाज प्रगति सहयोग संस्था के मीडिया कार्यक्रम ने तैयार की है । इसमें ग्रामीणों के जुड़ाव के लिए विशेष योगदान पुंजापुरा प्रगति समिति कर रही है। साथ ही सोबल्यापूरा ग्राम पंचायत और वन विभाग मंडल भी अपना योगदान दे रहे हैं।

## 2100 किलो लाहन बरामद, 8 पर प्रकरण दर्ज



**देवास।** 19 जुलाई 2025 को सुबह-सवेरे आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने प्रताप नगर, अंबेडकर नगर तथा ग्राम बरोठा के सांसी मोहल्ला एवं नाले में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान जमीन में गड़ा हुआ लगभग 2100 किलो महुआ लाहन, 50 पाव देशी मदिरा, 72 केन बियर एवं 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। बरामद लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, वहीं अवैध चलित भट्टियों को भी ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 8 प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 2,30,000 आँका गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव, डी.पी. सिंह, दिनेश भार्गव, कैलाश जामोद, आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया, बालमुकुंद गौड़, आरक्षक अरविंद जिनवाल, बालकृष्ण जायसवाल, सनत ओझा, निकिता परमार, आशीष, सुरेन्द्र, गीतेश सैनिक, किशोर, अनिल चोहान एवं केदार शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।